Regarding Protocol violation during flag-off ceremony of Vande Bharat train at Sitapur Junction, Uttar Pradesh- Laid

श्री अशोक कुमार रावत **(मिश्रिख) :** दिनांक 8 नवंबर 2025 को माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा वर्चुअल रूप से शुभारंभ की गई वंदे भारत एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर 22545/46 लखनऊ सहारनपुर) मेरे संसदीय जनपद सीतापुर जंक्शन पर ठहराव के साथ चल रही है। उसी दिन सीतापुर जंक्शन से इस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करने का सरकारी कार्यक्रम आयोजित हुआ । अपने ही संसदीय जनपद में आयोजित इस कार्यक्रम में चार बार के निर्वाचित सांसद को कोई निमंत्रण नहीं दिया गया। न पूर्व सूचना न आमंत्रण न मंच । नैमिषारण्य, जो मेरे संसदीय जनपद में ही मेरे क्षेत्र का विश्व प्रसिद्ध तीर्थ स्थल है वहां आने जाने वाले लाखों श्रद्धालु सीतापुर जंक्शन से ही यात्रा करते हैं। इस ट्रेन का ठहराव उनके लिए वरदान है । किसी भी नई ट्रेन के उद्घाटन में जनपद के सांसद को अनिवार्य रूप से आमंत्रित करना बाध्यकारी है । यह मेरे विशेषाधिकार का हनन है । मेरा माननीय रेल मंत्री जी से अनुरोध है कि इस संदर्भ में पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर के महाप्रबंधक तथा इस कार्यक्रम के लिए जिम्मेदार सभी वरिष्ठ अधिकारियों, डीआरएम लखनऊ, एडीआरएम के विरुद्ध तत्काल कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई प्रारंभ की जाए ।